एक नजर में

## राज्य कराते प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना, अतिथियों ने बच्चों को बैग वितरित किए





**धार** -धार जिला कराते एसोसिएशन द्वारा राज्य कराते प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों की टीम को उत्साहपूर्वक रवाना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धीरेंद्र दिगे वरिष्ठ अभिभाषक,विशिष्ट अतिथि अभिताभ व्यास समाज सेवी प्रदीप जोशी अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ ,सुरेश परमार अध्यक्ष जिला किकबॉक्सिंग संगठन, ॠतुराज देवड़ा उपाध्यक्ष जिला कराते एसोसिएशन, राम सोलंकी टेक्निकल डायरेक्टर जिला कराते एसोसिएशन ने बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्हें स्पोर्ट्स बैग वितरित किए। अतिथियों ने कहा कि कराते बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आत्मरक्षा की क्षमता विकसित करता है। कोच विजय सोलंकी ने बताया कि यह प्रतियोगिता दिनांक 12-13 दिसंबर इंदौर के डेली कॉलेज में आयोजित होगी जिसमें धार जिले के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमें कैडेट वर्ग बालिका में-25 किलोग्राम मैं आरवि सोलंकी-30 किलोग्राम .विनाय नौकन बालक कैडेट वर्ग में-20 किलोग्राम में सौर्य मंडलोई -25 किलोग्राम में आरव शर्मा -30 किलोग्राम में पार्थ चौहान -35 किलोग्राम में युग देवड़ा जूनियर वर्ग में -30 किलोग्राम में प्रवीण पटेल -35 किलोग्राम में हरिवंश प्रजापति -40 कि.ग्रा में सीनियर वर्ग में -45 किलोग्राम में यशराज पटेल -50 किलोग्राम में राजवीर सिंह राठौड़ -65 किलोग्राम में यश रावत -70 किलोग्राम में सौम्या राठौर इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और भरोसा जताया कि खिलाड़ी इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे ।कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों और स्टाफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं।

## सर्व ब्राह्मण समाज के युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित



**धार।** सर्व ब्राह्मण समाज महू के तत्वाधान में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन को लेकर एक बैठक धार भी आयोजित की गई। सर्व ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 11 जनवरी रविवार को चोपड़ा वाटिका रेलवे स्टेशन रोड महू में आयोजित सर्व ब्राह्मण समाज निशुल्क युवक युवती परिचय सम्मेलन में अपना परिचय देकर अपने जीवन साथी चुनने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा, जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों का विवरण, समाजोपयोगी लेख-कविताएं एवं अन्य उपयोगी जानकारियां प्रकाशित की गई हैं। सम्मेलन में अधिक से अधिक प्रविष्टियां का समावेश हो इस हेतु सर्व ब्राह्मण समाज महू के सचिव पं संजय शर्मा, परिचय सम्मेलन समिति के सचिव पं विवेक शर्मा,उपाध्यक्ष द्वय पं आशीष शर्मा, पं अक्षय महर्षि, सर्व ब्राह्मण समाज धार के संरक्षक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, संयोजक अशोक शास्त्री, सचिव प्रवीण शर्मा, युवा संगठन के जिला अध्यक्ष प्रशांत रावल, राजेश शर्मा, प्रणय तिवारी, कमलेश मिश्रा, श्रीमती सरिता शास्त्री आदि पदाधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने आगामी कार्य योजना को मूर्त रूप दिया और सभी पदाधिकारियों ने समाज जंनो से अपील की है कि वे अपने परिवार के विवाह योग्य युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परिचय सम्मेलन में शामिल होने हेतु प्रेरित करें।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी बघेल ने समीक्षा बैठक ली, दिए सख्त निर्देश



**बाग** - कस्तुरबा गांधी कन्या छात्रावास में एक सप्ताह पुर्व छात्रावास में छात्रा द्वारा फांसी लगाई गई घटना के बाद से पुरा शिक्षा विभाग का सिस्टम हिल गया । उसी को लेकर बाग विकासखंड के शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने सभी छात्रावास ओर आश्रम के अधीक्षक एवं अधीक्षिकाओं की बैठक बीआरसी भवन में ली । इस दौरान बघेल ने विशेष बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बताया की सबसे पहली प्राथमिकता अधीक्षक अधीक्षिकाओं को अपने अपने छात्रावास आश्रम में ही निवास करना हे ओर रात्रि में भी वही रहना है और खासकर कन्या कन्या छात्रावास की अधीक्षिकाओं को विशेष ध्यान रखना क्योंकी कन्याओं का मामला हे छात्र छात्राओं की शिक्षा से लेकर उनके भोजन स्वास्थ स्वच्छता और आने जाने का भी ध्यान रखना है । कन्याओं के परिजनों में मां बाप के बीना छात्राओं को नही छोड़ना हे । साथ ही बघेल ने यह भी निर्देश दिए की संस्था प्रमुखो को अपनी संस्थाओं के छात्र छात्राओं की विशेष निगरानी करना है और वहा कोन आ रहा हे कोन कब जा रहा है इसका पुरा ध्यान रहे छात्रावास से स्कूल कितनी बालिकाएं गई और कितनी वापस आई यह इसकी मेपिंग प्रतिदिन होना चाहिए । बच्चों को भोजन नास्ता गुणवत्ता वाला दिया जाए ताकी उनके स्वास्थ ठीक रहे । इस दौरान शिक्षा अधिकारी बघेल ने सभी छात्रावास ओर आश्रम के अधीक्षक एवं अधीक्षिकाओं को निर्देश दिए की एक सप्ताह के अंदर सभी हॉस्टल में सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए हैं इस तरह विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई ओर समझाईश दी गई । बैठक में समस्त अधीक्षक अधिक्षिकाऐ उपस्थित रहीं ।





# लाबरिया से बरमंडल मार्ग हो रहा बदहाल, पुलिया भी क्षतिग्रस्त

**बरमंडल से नागदा टुलेन सड़क मंजूरी हों गई काम भी चालू हो गया!! फिर यह मार्गसड़क निर्माण में अछूता क्यों**

**मयंक जायसवाल**

**लाबरिया** । दो दशक पूर्व लाबरिया से दसाई 23 किमी सड़क को प्रधानमंत्री सड़क योजना मे बनाकर क्षैत्र के लोगो को राहत दी गई थी । जो उस समय जिले की सबसे बडी प्रधानमंत्री सडक थी। लेकिन पिछले 6 वर्ष मे 23 किमी इस सड़क को तीन भागों मे बांट दिया गया दो भाग पीडब्ल्यूडी विभाग एंव एक भाग प्रधानमंत्री सडक के पास है।

बरमंडल से लाबरिया तक 6 किमी सड़क को पीडब्ल्यूडी विभाग को सौपा गया है। जो वर्तमान मे सिंगल पट्टी सड़क है । इस रोड के आगे बरमंडल से बरखेडा तक टुलेन,बरखेडा से शेरगढ तक सिंगल पटटी सडक एंव शेरगढ से बिडवाल,ओसार मौसार होते फोरलेन तक टुलेन सडक बन चुकी है। वही बरमंडल से खुटपला,चिराखॉन,कडोद होते हुए नागदा तक 35 किमी सडक टुलेन मे पीडब्ल्यूडी विभाग बना रहा है जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। बचा हुआ पदमपुरा से दसाई तक का मार्ग प्रधानमंत्री सडक योजना मे टुलेन मे परिवर्तित हो चुका है। लेकिन बरमंडल से लाबरिया तक का मार्ग इन दिनों बदहाली की और बढ रहा है।

इस मार्ग पर बरमंडल बस स्टेड के समीप बनी पुलिया इन दिनो जर्जर होकर किसी बडी दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। उक्त पुलिया का निर्माण करीब 50 वर्ष पुर्व किया गया था लेकिन इन पॉच दशको मे इस पुलिया की सुध नही लेने से पुलिया दिन ब दिन जर्जर हो रही है। पुलिया के निचे सरिये बहार आ चुके है उक्त पुलिया पर दिन प्रतिदिन भारी वाहन गुजरने से इसकी मजबूती खत्म हो रही है। लेकिन पुलिया को दुरुस्त करने की कोई सुध नही ले रहा है।

वही लाबरिया से बरमंडल तक सड़क की बात करे तो बरमंडल एवं लाबरिया मे आबादी क्षैत्र का विस्तार तेजी से हो रहा है जिसके चलते गांव के बहार बडी संख्या मे मकानो का निर्माण हो चुका है लेकिन नाली का निर्माण नही होने से घरो का पानी सडको पर आ रहा है जिसके कारण कुछ स्थानो पर सडक गड्डो मे तब्दील होकर डेंजर जोन मे तब्दील हो चुकी है। ग्रामीण दिनेश वागडी,संदीप,हितेश आदि ने मांग की है की जल्द ही इस सड़क को टुलेन मे तब्दील कर बरमंडल गांव लाबरिया गांव मे सड़क के किनारे नाली निर्माण कर पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए ।

पहले से ही वर्षों बाद हमें खुशी हुई थी कि बरमंडल तक नागदा से टुलेन सड़क मंजूरी हों गई है तथा काम भी चालू हो गया। लेकिन जब पता चला कि यह तो सिर्फ पडुनी मैदान अन्नपुर्णा चौराहे तक ही बनेगी जबकि बस स्टैंड तक बनाना चाहिए।

**इनका कहना है :-**

लाबरिया से बरमंडल तक सडक मार्ग को टुलेन मे तब्दील करने का प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठालय को भेजा गया है वहा से मंजुरी मिलने के बाद मार्ग को टुलेन बनाया जायेगा। वही बरमंडल मे पुल क्षतिग्रस्त हो रहा है तो उसकी मरम्मत करवाई जायेगी।

**एलएन राठौड़**
**एसडीओ पीडब्ल्यूडी सरदारपुर**

# दिल्ली रैली के नारे पर कांग्रेस पर तीखा हमला

**विक्रम वर्मा बोले—यह राजनीतिक मर्यादाओं का पतन**



**धार। नई दिल्ली में कांग्रेस द्वारा आयोजित रैली के दौरान लगाए गए आपत्तिजनक नारों को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगाए गए नारे—नरेंद्र मोदी तेरी क़ब्र खुदेगी, आज नहीं तो कल खुदेगी—को पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा ने बेहद निंदनीय और अस्वीकार्य बताया है।**

विक्रम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल भारतीय जनता पार्टी के नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। उनके लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार के नारे कांग्रेस की विकृत और नकारात्मक राजनीतिक मानसिकता को दर्शाते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 卐मैं स्वयं 50 वर्षों से अधिक समय से राजनीति में हूं। हम भी लंबे समय तक विपक्ष में रहे, कई जिम्मेदार पदों पर कार्य किया, लेकिन कभी भी इस स्तर की कटुता और भाषा की निम्नता का सहारा नहीं लिया।卐 उन्होंने सवाल उठाया कि इतने गंभीर और आपत्तिजनक नारे लगने के बावजूद कांग्रेस के किसी वरिष्ठ नेता की ओर से अब तक कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया या खंडन क्यों नहीं आया।

वर्मा ने कहा कि लगातार चुनावी हार से उपजी निराशा में कांग्रेस जिस स्तर पर पहुंच गई है, वह बेहद चिंताजनक है। विपक्ष को आत्ममंथन करने की आवश्यकता है कि लोकतंत्र में विरोध की मर्यादा क्या होनी चाहिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई इस अशोभनीय नारेबाजी की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मांग की कि कांग्रेस नेतृत्व देश से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और भविष्य में स्वस्थ, सकारात्मक और मर्यादित विपक्ष की भूमिका निभाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक भाषा और आचरण में सुधार नहीं किया, तो देश की जनता लोकतांत्रिक तरीके से उसे लगातार अस्वीकार करती रहेगी। साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री वर्मा ने प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

**नागदा धार** । जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर परमात्मा श्री चन्द्र प्रभु जी भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव पोस वदी बारस मंगलवार को चन्द्र प्रभु देरासर पर समाज जनों द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ धूम धाम से मनाया।

प्रातः मूलनायक परमात्मा का अनेक औषधियों से युक्त लेपन कर शुद्ध जल से अभिषेक किया गया साथ ही ब्रास पूजन एवं केशर पूजन कर स्नात्र पूजन की जिसके अंतर्गत धूप दीप चंदन पुष्प नैवेद्य फल अक्षत सहित अष्ट प्रकारी पूजन कर शांति कलश किया गया साथ ही परमात्मा की आरती करते हुए आरती एवं मंगल दीपक कर सामूहिक चैत्य वंदन किया पंकज बरडिया विनय नाहर संतोष मेहता पुष्पा बरडिया सुनीता मेहता साधना मेहता पुखराज कटारिया कुशल मेहता रमेश मेहता विशाल मेहता द्वारा पूजा पड़ा कर क्रिया सम्पन्न करवाई स्नात्र पूजन सहित अष्ट प्रकारी पूजन का लाभ राजेन्द्र कुमार जेनिश कुमार बोकड़िया एवं कस्तूरबाई मेहता परिवार ने लेकर अष्ट प्रकारी पूजा की साथ ही लाभार्थी राजेन्द्र संगीता बोकड़िया परिवार द्वारा संघ पूजन कर प्रभावना का वितरण किया गया ।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में संघ जन की उपस्थिति रही ज्ञात रहे नागदा नगर में मूलनायक के रूप में अति प्राचीन प्रतिमा श्री चन्द्र प्रभु जी भगवान विराजमान हे जो कि भक्तों की आस्था और श्रद्धा के केंद्र हे ऐसे विराजित मूलनायक परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाना भक्तों के लिए गौरवशाली क्षण है।

## गोलीकांड : ईगो बना वारदात की वजह, सामने आया उज्जैन कनेक्शन

इंदौर. भूतनाथ मंदिर परिसर में हुई फायरिंग की घटना को लेकर जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, नए खुलासे सामने आ रहे हैं. पुलिस जांच में अब इस वारदात का उज्जैन कनेक्शन सामने आया है. शुरुआती पड़ताल में मामला अचानक हुए विवाद से जुड़ा पाया है, जिसे हमलावरों ने ईगो का मुद्दा बनाकर गोली चलाने तक पहुंचा दिया. राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा निवासी विनय पिता रामचंद्र पाटीदार पर तीन दिन पहले भूतनाथ मंदिर की पार्किंग में गोली चलाई गई थी. गनीमत रही कि गोली सीधे शरीर में न लगकर जेब में रखे मोबाइल फोन से टकरा गई, जिससे उसकी जान बच गई. घटना में विनय को मामूली चोट आई थी. पुलिस जांच में सामने आया है कि घटना से एक दिन पहले भूतनाथ मंदिर की पार्किंग के पास स्थित मां उमिया पैलेस कॉलोनी में एक बुजुर्ग व्यक्ति ड्राइवर के साथ आर्टिगा कार से अपने रिश्तेदार के यहां आया था. कॉलोनी में पहुंचने का रास्ता मंदिर की पार्किंग से होकर जाता है.

# आहु में तीर्थंकर जन्म व तप कल्याणक महोत्सव श्रद्धा व उल्लास से संपन्न

**धार. जैन धर्मावलंबियों ने अपने आराध्य देव तीर्थंकर भगवान 1008 श्री पार्श्र्वनाथ स्वामी व तिर्थंकर भगवान 1008श्री चन्द्र प्रभ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव ग्राम आहु जो की धार से तेरह कि मी दूर हे पर आचार्य श्री विप्रणत सागर जी महाराज के सानिध्य मे धुम धाम से मनाया ,यह ग्राम आहु चमत्कारी पार्श्र्वनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं ।**




उक्त जानकारी देते हुए आहु कमेटी के श्री नवीन गोधा ने बताया कि प्रातकाल से ही आहु भक्तजनो का आना शुरू हो गया था ।मंदिर मे मुनि श्री के सान्निध्य मे श्री जी के अभिषेक व शांतिधारा हुई जिसका सौभाग्य पारस-पवन गंगवाल को प्राप्त हुआ इस अवसर पर विधान मण्डल की पूजा भी सम्पन्न हुई जिसमे सौधर्म इन्द्र बनने का सौभाग्य इंदौर निवासी श्री संजय अर्चना सेठी,ध्वजारोहण का सौभाग्य राजेन्द्र जी गंगवाल,जन्माभिषेक करने का सौभाग्य समाज सेवी दानवीर गजेन्द्र जी-सौ.माया जी जैन गिन्नी卐 ग्रुप卐,गुरु देव के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य नरेश जी श्रेणिक जी गंगवाल धार,गुरूदेव को शास्त्र भेट करने का सौभाग्य नरेशजी अग्रवाल को प्राप्त हुआ ।कार्यक्रम मे आए भक्तों को भोजन में विशेष सहयोग सेठ धनराज जी कासलीवाल इंदौर व स्वल्पाहार मे श्री विमल जी झांझरी इंदौर ने सहयोग प्रदान किया ।इस अवसर पर एक पालकी जुलूस भी नगर मे धूमधाम से निकला पालकी में श्री जी की प्रतिमा विराजमान थी व आचार्य श्री भी चल रहे थे ।श्री गोधा ने बताया की यू के प्रतिवर्ष यह पर्व मनता हे भक्त भी आते हे पर इस बार भक्तों की संख्या बहुत अधिक थी ।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन,सुभाष गंगवाल,मयंक छाबड़ा (मामाजी टेंट),राकेश गंगवाल व विकास छाबड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया,कार्यक्रम में विहिप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री हुकुम चंद सॉवला जी व कार्यक्रम के सूत्रधार पंडित नितीन जी झांझरी इंदौर थे ।धार के श्री राजेन्द्र-लक्ष्मी बांझल ने कमेटी को पालकी भेंट की वही गिन्नी ग्रुप की ओर से पांडुक शिला व मंदिर के पिछे की ज़मीन जो की उन्होंने एक वर्ष पूर्व ली थी को मंदिर विस्तार हेतु कमेटी को दी ।कार्यक्रम का सफल संचालन संजय छाबड़ा ने किया वही आभार चन्द्र प्रकाश गंगवाल ने माना ।



**एक नजर** ▶ दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ,

# खेल अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का उत्सव है : एसडीएम

**बदनावर** । यहां शासकीय नंदराम चौपड़ा विद्यालय खेल मैदान में चल रहे दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का मंगलवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम प्रियंका मिमरोट, एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर, तहसीलदार सुरेश नागर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र जाट, नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष गोविंद रघुवंशी, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज कवि, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री कन्हैयालाल गुर्जर, पार्षद भारती राठोड, खेड़ा पंचायत सरपंच योगेश मुकाती, पंकज ठाकुर, सन्तोष राव, मीतेश शर्मा, संतोष चौहान, कमलेश्वर सिंह चूंडावत आदि अतिथि रूप में मंचासीन थे।




नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर, बीआरसी डीएन गुजराती, सीएम राईज प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख, खेल एंव युवा कल्याण विभाग समन्वयक बबिता पाल, पवन चावला, धर्मेंद्र हारो?, अंशुमन जोशी, राकेश माली, पीटीआई नरेंद्र चौहान, प्रकाश चौधरी आदि ने अतिथियो का स्वागत किया।

कार्यक्रम में कबड्डी, खो-खो, बॉलीवाल, गोला फेंक, रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं मैडल भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने कहा कि यह खेल उत्सव देशभर में खेल प्रतिभाओं के लिए एक मजबूत मंच बन गया है। इस पहल ने खेल, फिटनेस और स्वास्थ्य को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाने, प्रतिभाओं को पहचान देने और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गांवो एवं स्कूलों में कई प्रतिभाएं होती है। किंतु उचित स्थान नहीं मिलने के कारण वे अपना हुनर नहीं दिखा पाते। इस प्रकार के खेल महोत्सव से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर मिलता है। प्रतियोगिताएं ही प्रतियोगियों को निखारने का काम करती है। यह खेल महोत्सव केवल जीत या हार का आयोजन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का उत्सव है। खेल हमारे जीवन में एकता, संयम और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करते हैं।

एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ जीवन के लिए खेल भी जरूरी है। खेल से मानसिक तनाव भी दूर होता है।

तहसीलदार सुरेश नागर ने कहा कि खिलाड़ी खेल भावना के साथ में खेल को खेलें। हार में कभी मायूस ना हो व जीत पर कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। इन खेलों से जीवन में अनुशासन, टीम भावना, धैर्य और खेल भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी और समेत स्कूली बच्चे वह खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल ने किया आभार नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर माना। यह जानकारी भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज कवि ने दी।